Civil Services (Main)
Examination- 2025

SLPM–P–COM

# वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे | अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र संबंधी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़िए)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों में शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको स्पष्टतया निर्दिष्ट कीजिए।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer each of the following questions in about *150* words : 10×5=50

*(a)* उन मुख्य बातों की विवेचना कीजिए जिन्हें बीमा कम्पनी की पुस्तकों का लेखा-परीक्षण करते समय लेखा-परीक्षक को ध्यान में रखना होगा।

Discuss the key points that an Auditor would take into consideration while auditing the books of accounts of an insurance company. 10

*(b)* वित्तीय सूचना प्रणाली में लेखाकरण किस भूमिका को निभाता है? इससे किस प्रकार की सूचनाएँ प्राप्त की जा सकती हैं?

What role does accounting play in a financial information system? What type of information can be derived from it? 6+4=10

*(c)* लागत लेखाकरण क्या है? इसके कौन-कौन से उद्देश्य हैं? यह वित्तीय लेखाकरण से किस प्रकार भिन्न होता है?

What is Cost Accounting? What are its objectives? How does it differ from Financial Accounting? 3+3+4=10

*(d)* मानक लागत प्रणाली के विभिन्न प्रसरणों की विवेचना कीजिए। सामग्री, श्रम एवं उपरिव्यय प्रसरण किस प्रकार एक-दूसरे से भिन्न होते हैं?

Discuss the various variances in standard costing system. How are the material, labour and overhead variances different from one another? 3+7=10

*(e)* वैट एवं सेवाकर में अन्तर कीजिए। ये किस प्रकार वस्तुओं एवं सेवाओं पर लागू होते हैं तथा इन करों में क्या-क्या प्रशासनिक चुनौतियाँ हैं?

Distinguish between VAT and Service Tax. How do they apply to goods and services, and what are the administrative challenges in these taxes? 5+5=10

**2.** *(a)* ए० जी० एन० लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत निम्नलिखित तलपट और अन्य अतिरिक्त सूचनाओं से, कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–III डिविजन–I द्वारा अपेक्षित 31 मार्च, 2025 तक तुलन-पत्र तैयार कीजिए तथा तुलन-पत्र के नीचे खातों के लिए नोट्स दिखाइए :

*तलपट*

| *विवरण* | *ऋण* (₹) | *जमा* (₹) |
|---|---|---|
| इक्विटी पूँजी (अंकित मूल्य ₹ 100) | | 20,00,000 |
| बकाया याचनाएँ | 2,000 | |
| सामान्य संचय | | 4,60,000 |
| एस० बी० आइ० से ऋण (दीर्घकालीन) | | 3,00,000 |
| भूमि | 4,00,000 | |
| भवन | 8,00,000 | |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 11,00,000 | |
| फर्नीचर | 1,20,000 | |
| कच्ची सामग्रियाँ | 1,00,000 | |
| तैयार माल | 4,00,000 | |
| व्यापारिक प्राप्तियाँ | 3,80,000 | |
| अग्रिम देय (अल्पकालीन) | 90,000 | |
| कर प्रावधान | | 1,38,000 |
| देय लाभांश | | 1,20,000 |
| लाभ-हानि खाता | | 1,80,000 |
| ऋण (असुरक्षित) | | 2,50,000 |
| व्यापारिक देय | | 4,00,000 |
| बैंक में नकदी | 3,86,000 | |
| नकदी (हाथ में) | 70,000 | |
| | 38,48,000 | 38,48,000 |

*अतिरिक्त सूचनाएँ :*

*(i)* नकदी के अलावा अन्य प्रतिफल के लिए 6000 इक्विटी शेयर जारी किए गए

*(ii)* एस० बी० आइ० से ऋण में ₹ 8,000 का ब्याज शामिल है, जो कि देय नहीं है। यह ऋण भवन द्वारा सुरक्षित है

*(iii)* सम्पत्तियों की लागत :

| | ₹ |
|---|---|
| भवन | 9,60,000 |
| संयंत्र एवं मशीनरी | 14,00,000 |
| फर्नीचर | 1,80,000 |

*(iv)* ₹ 1,80,000 की व्यापारिक प्राप्तियाँ 8 महीने से देय हैं

From the following Trial Balance and other additional information furnished by AGN Ltd., prepare the Balance Sheet as at 31st March, 2025 as required by Schedule–III Division–I of the Companies Act, 2013 and show the Notes to Accounts below the Balance Sheet :

*Trial Balance*

| *Particulars* | *Debit* (₹) | *Credit* (₹) |
|---|---|---|
| Equity Capital (Face Value of ₹ 100) | | 20,00,000 |
| Calls-in-Arrears | 2,000 | |
| General Reserve | | 4,60,000 |
| Loan from SBI (Long-term) | | 3,00,000 |
| Land | 4,00,000 | |
| Building | 8,00,000 | |
| Plant & Machinery | 11,00,000 | |
| Furniture | 1,20,000 | |
| Raw Materials | 1,00,000 | |
| Finished Goods | 4,00,000 | |
| Trade Receivables | 3,80,000 | |
| Advances (Short-term) | 90,000 | |
| Provision for Taxation | | 1,38,000 |
| Dividend Payable | | 1,20,000 |
| Profit & Loss A/c | | 1,80,000 |
| Loans (Unsecured) | | 2,50,000 |
| Trade Payables | | 4,00,000 |
| Cash at Bank | 3,86,000 | |
| Cash in Hand | 70,000 | |
| | 38,48,000 | 38,48,000 |

*Additional Information* :

*(i)* 6000 Equity Shares were issued for consideration other than cash

*(ii)* Loan from SBI includes ₹ 8,000 for interest accrued but not due. The loan is secured by hypothecation of building

*(iii)* The cost of assets :

| | ₹ |
|---|---|
| Building | 9,60,000 |
| Plant & Machinery | 14,00,000 |
| Furniture | 1,80,000 |

*(iv)* Trade Receivables of ₹ 1,80,000 are due for 8 months 10+10=20

(b) यह देखा गया है कि ₹ 1,20,000 की मासिक बिक्री पर एक फर्म को ₹ 30,000 का परिचालन घाटा होता है। प्रबन्धन को यह आशंका है कि बिक्री में कोई भी वृद्धि नुकसान को और बढ़ा देगी। हालाँकि फर्म के लेखाकार ने लागत, मात्रा और लाभ के आधार पर स्थिति का विश्लेषण किया और दर्शाया कि बिक्री को दो गुना करके परिचालन लाभ ₹ 30,000 हो सकता है।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, आपको मूल्यांकन करना है—

(i) लाभ-मात्रा अनुपात;

(ii) मासिक स्थायी लागत;

(iii) सम-विच्छेद बिन्दु (बी० ई० पी०);

(iv) ₹ 40,000 के लाभ के लिए मार्जिन ऑफ सेफ्टी (एम० ओ० एस०);

(v) ₹ 3,00,000 की मासिक बिक्री के लिए लाभ।

It is observed that at a monthly sale of ₹ 1,20,000, a firm suffers an operating loss of ₹ 30,000. The management apprehends that any increase in sale will further rise the loss. However, the Accountant of the firm analyzed the situation based on cost, volume and profit, and showed that the firm may earn ₹ 30,000 operating profit by doubling the sale.

Based on the above information, you are required to measure—

(i) P/V ratio;

(ii) monthly fixed costs;

(iii) BEP;

(iv) MOS for profit of ₹ 40,000;

(v) profit for monthly sale of ₹ 3,00,000. 5+3+3+2+2=15

(c) (i) ए० एस० 2 पर आधारित माल-सूची (इन्वेन्टरी) मूल्यांकन के सिद्धान्तों को संक्षेप में समझाइए।

Explain in brief the principles of inventory valuation based on AS 2.

(ii) प्रासंगिक लेखांकन मानक के आधार पर मूल्यह्रास की स्वीकार्य विधियों का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

Describe in brief the permissible methods of depreciation based on the relevant Accounting Standard. 6+9=15

3. (a) आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत व्यवसाय से आय की गणना में स्पष्ट रूप से स्वीकृत कटौतियों को संक्षेप में समझाइए।

Explain in brief the deductions that are expressly allowed in computing the income from business under the Income-tax Act, 1961. 15

(b) हरीश 15 जून, 2023 को ₹ 10,10,000 में आभूषण बेच देता है (हरीश के लिए इन आभूषणों की लागत 25 मई, 2002 को ₹ 94,500 थी तथा उसने इनके विक्रय पर ₹ 10,000 दलाली के चुकाए)। 15 दिसम्बर, 2023 को उसने ₹ 5,00,000 का एक रिहायशी मकान खरीदा। 15 जून, 2023 को उसके पास कोई रिहायशी मकान नहीं था। वर्ष 2002–03 में लागत स्फीति सूचकांक 105 था तथा वर्ष 2023–24 में यह 348 था।

कर निर्धारण वर्ष 2024–25 के लिए करयोग्य पूँजी लाभ ज्ञात कीजिए।

(i) यदि मान लिया जाए कि हरीश नया रिहायशी मकान 15 दिसम्बर, 2026 से पहले बेच देता है, तो बताइए कि करयोग्य पूँजी लाभ क्या होगा और किस वर्ष का होगा।

(ii) यदि मान लिया जाए कि हरीश एक अन्य रिहायशी मकान 15 जून, 2025 से पूर्व क्रय कर ले अथवा 15 जून, 2026 से पूर्व एक अन्य रिहायशी मकान बनवा ले, तो बताइए कि करयोग्य पूँजी लाभ क्या होगा और किस वर्ष का होगा।

Harish sold jewellery on 15th June, 2023 for ₹ 10,10,000 (cost of jewellery to Harish on 25th May, 2002 was ₹ 94,500 and brokerage paid on the sale of jewellery was ₹ 10,000). On 15th December, 2023, he purchased a residential house for ₹ 5,00,000. On 15th June, 2023, he did not own any residential house. The cost inflation index for 2002–03 was 105 and for 2023–24, it was 348.

Compute the amount of capital gains chargeable to tax for the Assessment Year 2024–25.

(i) Assuming that Harish sells the new residential house before 15th December, 2026, what will be the taxable capital gains and for which year?

(ii) Assuming that Harish purchases any other residential house before 15th June, 2025 or constructs any other residential house before 15th June, 2026, what will be the taxable capital gains and for which year? 9+3+3=15

(c) स्काई लिमिटेड ने ₹ 2 प्रति शेयर के प्रीमियम पर ₹ 10 प्रति शेयर के 200000 इक्विटी शेयर जारी करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किए, जिनका भुगतान इस प्रकार किया जाना था :

आवेदन एवं आबंटन पर ₹ 6 प्रति शेयर (प्रीमियम सहित)
शेष राशि प्रथम एवं अन्तिम याचना (कॉल) पर

600000 इक्विटी शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 300000 शेयरों के लिए आवेदन अस्वीकार कर दिए गए एवं रुपये वापस कर दिए गए। शेष आवेदकों को आनुपातिक आधार पर शेयर आबंटित किए गए। पहली और अन्तिम कॉल की गयी और 2000 शेयरों को छोड़कर सभी राशि प्राप्त हुई, जिन्हें जब्त कर लिया गया और ₹ 7 प्रति शेयर पर फिर से जारी किया गया।

स्काई लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए।

Sky Ltd. invited application for issuing 200000 Equity Shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share, payable as follows :

₹ 6 per share (including premium) on application and allotment
Balance on the first and final call

Applications for 600000 Equity Shares were received. Applications for 300000 shares were rejected and money refunded. Shares were allotted on pro rata basis to the remaining applicants. The first and final call was made and all the amount was received except on 2000 shares, which were forfeited and reissued at ₹ 7 per share.

Pass necessary Journal Entries in the books of Sky Ltd. 20

4. (a) लाभांश के भुगतान के सम्बन्ध में लेखा-परीक्षक के कर्तव्यों का उल्लेख कीजिए। लाभांश के भुगतान की जाँच के सम्बन्ध में लेखा-परीक्षक द्वारा अपनाई जाने वाली लेखा-परीक्षा कार्यविधि की विवेचना कीजिए।

State the duties of an Auditor with regard to payment of dividend. Discuss the audit procedure to be followed by the Auditor in respect of checking of payment of dividend. 6+9=15

(b) उन महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं की विवेचना कीजिए जिन पर अन्वेषक को, जाँच की शुरुआत में तथा जाँच के दौरान, अवश्य विचार करना चाहिए। एक अन्वेषक को अपनी रिपोर्ट का प्रारूप किस प्रकार तैयार करना चाहिए?

Discuss the important points that an Investigator must consider in the beginning and during the conduct of an Investigation. How should an investigator draft his report? 6+9=15

(c) एक उप-उत्पाद 'बीटा' एक उत्पाद 'अल्फा' के निर्माण के दौरान प्राप्त होता है। उप-उत्पाद को बिक्री के लिए आगे प्रोसेस किया जाता है। अभिलेखों से उपलब्ध निम्नलिखित आँकड़ों से उत्पाद 'अल्फा' एवं उप-उत्पाद 'बीटा' की प्रति kg लागत दिखाते हुए एक खाता तैयार कीजिए। विचाराधीन अवधि के दौरान उत्पादित मात्राएँ थीं—'अल्फा' 100 kg और 'बीटा' 50 kg. 'बीटा' का विक्रय मूल्य ₹ 120 प्रति kg था जिस पर अर्जित लाभ 30% अनुमानित था :

| | संयुक्त व्यय (₹) | पृथक् व्यय | |
|---|---|---|---|
| | | अल्फा (₹) | बीटा (₹) |
| *सामग्री* | 10,000 | 6,000 | 500 |
| *श्रम* | 7,000 | 5,000 | 2,000 |
| *उपरिव्यय* | 2,500 | 1,500 | 600 |

A by-product 'Beta' is derived in the course of manufacturing a product 'Alpha'. The by-product is further processed for sale. From the following data available from the records, prepare an account showing the cost per kg of product 'Alpha' and the by-product 'Beta'. The quantities produced during the period under consideration were—'Alpha' 100 kg and 'Beta' 50 kg. The selling price of 'Beta' was ₹ 120 per kg on which the profit earned was estimated at 30% :

| | *Joint Expenses* (₹) | *Separate Expenses* | |
|---|---|---|---|
| | | *Alpha* (₹) | *Beta* (₹) |
| *Materials* | 10,000 | 6,000 | 500 |
| *Labour* | 7,000 | 5,000 | 2,000 |
| *Overheads* | 2,500 | 1,500 | 600 |

20

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer each of the following questions in about *150* words : 10×5=50

(a) आदर्श पूँजी संरचना की अवधारणा को समझाइए। एक कम्पनी सही ऋण एवं इक्विटी मिश्रण का किस प्रकार निर्णय करती है?

Explain the concept of optimal capital structure. How does a company decide on the right mix of debt and equity? 6+4=10

(b) नकदी प्रबन्धन के मिलर एवं ऑर मॉडल के बारे में लिखिए।

Write about Miller and Orr model of cash management. 10

(c) भारतीय वित्तीय पद्धति के संदर्भ में, पूँजी बाजार एवं मुद्रा बाजार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

Differentiate between capital market and money market in the context of Indian financial system. 10

(d) लाभांश नीति की संकल्पना को समझाइए। कम्पनियों द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न प्रकार की लाभांश नीतियों की विवेचना कीजिए।

Explain the concept of dividend policy. Discuss the various types of dividend policies followed by the companies. 4+6=10

(e) वित्तीय सेवाओं की संकल्पना को समझाइए। क्रेडिट रेटिंग की संकल्पना और भारतीय वित्तीय सेवाओं में इसके बढ़ते महत्त्व की विवेचना कीजिए।

Explain the concept of financial services. Discuss the concept of credit rating and its growing importance in Indian financial services. 3+7=10

**6.** (a) विलय, अधिग्रहण एवं समामेलन की अवधारणा को परिभाषित व स्पष्ट कीजिए। विलय या अधिग्रहण की विफलता के क्या कारण होते हैं? किसी कम्पनी को यह कैसे सुनिश्चित करना चाहिए कि विलय या अधिग्रहण सफल हो?

Define and explain the concept of merger, takeover and amalgamation. What leads to the failure of a merger or an acquisition? How should a company ensure that merger or acquisition is successful? 6+7+7=20

(b) रेनबो लिमिटेड वर्ष 2023–24 के लिए निम्नलिखित आँकड़े प्रदान करती है :

विक्रय—₹ 80 लाख

परिवर्तनीय लागत—₹ 56 लाख

स्थायी परिचालन लागत—₹ 8 लाख

स्थायी वित्तीय लागत—₹ 4 लाख

प्रभावी कर की दर—25%

ई० पी० एस०—₹ 9

*(i)* कम्पनी के लिए परिचालन उत्तोलन (लिवरेज) की श्रेणी (डिग्री) [ डी० ओ० एल०], वित्तीय उत्तोलन की श्रेणी (डिग्री) [ डी० एफ० एल०] एवं संयुक्त उत्तोलन की श्रेणी (डिग्री) [ डी० सी० एल०] की गणना कीजिए एवं परिणामों की व्याख्या कीजिए।

*(ii)* यदि कम्पनी अपनी बिक्री में 20% की वृद्धि कर सकती है, तो ई० पी० एस० में कितना परिवर्तन होगा? *(i)* में प्राप्त परिणाम के आधार पर अपना उत्तर दीजिए।

Rainbow Ltd. provides the following data for the year 2023–24 :

Sales—₹ 80 lakh

Variable Cost—₹ 56 lakh

Fixed Operating Cost—₹ 8 lakh

Fixed Finance Cost—₹ 4 lakh

Effective Tax Rate—25%

EPS—₹ 9

*(i)* Compute the Degree of Operating Leverage (DOL), Degree of Financial Leverage (DFL) and Degree of Combined Leverage (DCL) for the company and interpret the results.

*(ii)* If the company can increase its sales by 20%, by what amount will EPS change? Give your answer on the basis of your results obtained in *(i)*.

9+6=15

(c) एक कम्पनी पूँजी संरचना नियोजन से सम्बन्धित निम्नलिखित जानकारी प्रदान करती है :

उत्तोलन (लिवरेज) को ऋण/(ऋण + इक्विटी) के रूप में मापा जाता है

20% उत्तोलन पर इक्विटी की लागत ($K_e$) 18% मानी जाती है

*(i)* यदि शुद्ध आय (एन० आइ०) मॉडल का पालन किया जाता है, तो 40% उत्तोलन पर $K_e$ क्या होगी?

*(ii)* यदि शुद्ध परिचालन आय (एन० ओ० आइ०) मॉडल का पालन किया जाता है, जबकि पूँजी की कुल लागत ($K_o$) 16% है, तो 40% उत्तोलन पर $K_e$ क्या होगी? मान लीजिए कि ऋण पूँजी की लागत ($K_d$) स्थिर रहती है।

A company provides the following information related to the capital structure planning :

Leverage is measured as Debt/(Debt + Equity)

At 20% leverage, cost of equity ($K_e$) is measured at 18%

*(i)* What will be the $K_e$ at 40% leverage, if Net Income (NI) model is followed?

*(ii)* If Net Operating Income (NOI) model is followed while overall cost of capital ($K_o$) is 16%, what will be the $K_e$ at 40% leverage? Assume cost of debt capital ($K_d$) to remain constant. 6+9=15

**7.** *(a)* एक अभियांत्रिकी कम्पनी के वित्तीय प्रबन्धक के रूप में आपको (1) पुस्तक-मूल्य भार (बुक-वैल्यू वेट) और (2) बाजार-मूल्य भार (मार्केट-वैल्यू वेट) का उपयोग करके कम्पनी की पूँजी की भारित औसत लागत की गणना करनी है। कम्पनी की वर्तमान पूँजी संरचना इस प्रकार है :

| | ₹ |
|---|---|
| इक्विटी शेयर (₹ 10 प्रति शेयर) | 30,00,000 |
| 10% अधिमान शेयर (₹ 100 प्रति शेयर) | 4,00,000 |
| 12% ऋणपत्र (₹ 100 प्रति ऋणपत्र) | 14,00,000 |
| | 48,00,000 |

इन सभी प्रतिभूतियों का कारोबार प्रतिभूति बाजार में होता है। उनकी हाल की कीमतें हैं :

ऋणपत्र—₹ 110 प्रति ऋणपत्र

अधिमान शेयर—₹ 115 प्रति शेयर

इक्विटी शेयर—₹ 40 प्रति शेयर

प्रत्याशित बाहरी वित्तपोषण के अवसर इस प्रकार हैं :

*(i)* नए ₹ 100 के ऋणपत्र को सममूल्य पर, 9% कूपन दर पर बेचा जा सकता है, जिसे 5 साल बाद 10% प्रीमियम पर भुनाया जा सकता है। प्रवर्तन (फ्लोटेशन) लागत 2% होगी

*(ii)* 8% लाभांश वाले नए ₹ 100 के अधिमान शेयर को सममूल्य पर बेचा जा सकता है, जिसे 10 साल बाद 5% प्रीमियम पर भुनाया जा सकता है। प्रवर्तन लागत ₹ 3 प्रति शेयर होगी

*(iii)* ₹ 10 वाले नए इक्विटी शेयर ₹ 35 में बेचे जा सकते हैं। प्रवर्तन लागत निर्गम कीमत (इश्यू प्राइस) की 2% होगी। इक्विटी शेयरों पर अपेक्षित लाभांश 20% है। लाभांश में प्रत्याशित वृद्धि दर 8% है। निगम कर की दर 40% है

As a Financial Manager of an engineering company, you are required to compute the weighted average cost of capital of the company using (1) Book-value weights and (2) Market-value weights. The company's present capital structure is :

| | ₹ |
|---|---|
| Equity Shares (₹ 10 per share) | 30,00,000 |
| 10% Preference Shares (₹ 100 per share) | 4,00,000 |
| 12% Debentures (₹ 100 per debenture) | 14,00,000 |
| | 48,00,000 |

All these securities are traded in the securities market. Their recent prices are :

Debentures—₹ 110 per debenture

Preference Shares—₹ 115 per share

Equity Shares—₹ 40 per share

Anticipated external financing opportunities are :

*(i)* New ₹ 100 Debentures can be sold at par at 9% coupon rate, reedeemable at 10% premium after 5 years. Flotation cost would be 2%

*(ii)* New ₹ 100 Preference Shares carrying 8% dividend can be sold at par, redeemable at premium of 5% after 10 years. Flotation cost would be ₹ 3 per share

*(iii)* New ₹ 10 Equity Shares can be sold at ₹ 35. Flotation cost would be 2% of issue price. Expected dividend on Equity Shares is 20%. Anticipated growth rate in dividend is 8%. Corporate tax rate is 40% 20

*(b)* भारतीय पूँजी बाजार की वर्तमान स्थिति की विवेचना कीजिए। बदलते अन्तरराष्ट्रीय निवेश परिदृश्य में, बाजार को विनियमित करने में, सेबी (एस० ई० बी० आइ०) की भूमिका को समझाइए।

Discuss the present state of Indian capital market. Illustrate the role of SEBI in regulating the markets in the changing international investment scenario. 4+16=20

*(c)* आर्थिक आदेश मात्रा (ई० ओ० क्यू०) कैसे निर्धारित की जाती है? मात्रा छूट, ई० ओ० क्यू० को कैसे प्रभावित करती है?

How is Economic Order Quantity (EOQ) determined? How does quantity discount affect the EOQ? 4+6=10

**8.** *(a)* भारतीय वित्तीय प्रणाली की संरचना को समझाइए। 21वीं सदी में, बदलते वैश्विक परिदृश्य में, आर० बी० आइ० की उभरती भूमिका की विवेचना कीजिए।

Explain the structure of Indian financial system. Discuss the emerging role of RBI in the changing global scenario in this 21st century. 5+10=15

*(b)* 3 वर्ष के जीवन वाले एक संयंत्र में निम्नलिखित अनुमानित नकदी प्रवाह है :

| *वर्ष* | *नकदी प्रवाह* (₹) |
|---|---|
| 0 | (–) 20,00,000 |
| 1 | 8,00,000 |
| 2 | 8,00,000 |
| 3 | 9,00,000 |

संयंत्र के जीवन के अंत में कोई अवशिष्ट मूल्य नहीं बचा है। गणना कीजिए—

*(i)* प्रतिफल की आन्तरिक दर (आइ० आर० आर०);

*(ii)* बट्टागत निवेश वापसी अवधि।

यहाँ लागू बट्टागत दर 10% वार्षिक है। 10% और 12% की बट्टागत दर पर ₹ 1 का वर्तमान मूल्य 3 वर्ष के लिए नीचे दिया गया है :

| *वर्ष* | : | 0 | 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|---|---|---|
| 10% पर *वर्तमान मूल्य* | : | 1 | 0·909 | 0·826 | 0·751 |
| 12% पर *वर्तमान मूल्य* | : | 1 | 0·892 | 0·797 | 0·712 |

A plant with a life of 3 years has the following projected cash flows :

| *Year* | *Cash Flows* (₹) |
|---|---|
| 0 | (–) 20,00,000 |
| 1 | 8,00,000 |
| 2 | 8,00,000 |
| 3 | 9,00,000 |

There is no residual value at the end of the life of the plant. Calculate the—

*(i)* Internal Rate of Return (IRR);

*(ii)* discounted payback period.

Applicable discounting rate is 10% p.a. Present values of ₹ 1 at the discounting rate of 10% and 12% are given below for 3 years :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| *Year* | : | 0 | 1 | 2 | 3 |
| *PV at* 10% | : | 1 | 0·909 | 0·826 | 0·751 |
| *PV at* 12% | : | 1 | 0·892 | 0·797 | 0·712 |

10+10=20

*(c)* देश के आर्थिक विकास में बीमा उद्योग एवं आइ० आर० डी० ए० की भूमिका की विवेचना कीजिए।

Discuss the role of insurance industry and IRDA in the economic development of the country. 15

★ ★ ★